संपादकीय

# सौ दिन की सीख

राहुल गांधी की बातों में अब जमीनी स्पर्श के सकेत मिलते हैं। यह सकेत ग्रहण किया जा सकता है कि सडक़ों पर पैदल चलते हुए आम लोगों से उनका जो सीधा संपर्क हुआ है, उससे उन्हें कुछ सीख मिली है।

भारत जोड़ो यात्रा में 100 दिन तक आगे बढ़ने के बाद राहुल गांधी एक बदले हुए व्यक्ति नजर आते हैं। उनकी बातों में अब जमीनी स्पर्श के सकेत मिलते हैं। यानी यह सकेत ग्रहण किया जा सकता है कि सडक़ों पर पैदल चलते हुए आम लोगों से उनका जो सीधा संपर्क हुआ है, उससे उन्हें कुछ सीख मिली है। एक सवाल पर उनका यह जवाब इसी सीख से निकला कि इस देश में आर्थिक अन्याय हो रहा है। इस हद तक कि बहुसंख्यक जनता- खास कर नौजवान सपने तो देखते हैं, लेकिन इस बात से आगाह रहते हुए कि उन सपनों के पूरा होने की संभावना नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अपनी आगे की यात्रा में राहुल गांधी को यह अहसास भी होगा कि आखिर सपनों पर ये बिजली क्यों गिरी है और इसके लिए कौन-सी नीतियां जिम्मेदार हैं? इस बात के भी सकेत हैं कि उन्हें अपनी पार्टी की कुछ कमजोरियां उन्हें समझ में आई हैं।

मसलन, उनका यह कहना कि इंदिरा गांधी या राजीव गांधी ने देश के लिए क्या किया, उसका हर मीटिंग में उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। बात इस पर होनी चाहिए कि आज क्या करना है और आगे किधर जाना है। क्या इस बात में किसी को शक है कि अभी तक कांग्रेस एक अतीतजीवी पार्टी बनी हुई है? राहुल गांधी ने एक और काबिल-ए-गौर बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे जो हो, पार्टी को यह पता है कि वह क्या है और उसे क्या करना है। यह उसकी सफलता का राज़ है। लेकिन कांग्रेस यह भूल गई है। राहुल गांधी का मानना है कि जिस रोज कांग्रेस को यह मालूम हो जाएगा कि वह क्या है, उस रोज उसकी सफलता की राह निकल आएगी। ये तमाम वो बातें हैं, जिन्हें अब तक कांग्रेस से सहानुभूति रखने वाले उसके आलोचक कहते रहे हैं। अब राहुल गांधी को इन बातों का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ है, तो इसे पार्टी के लिए एक शुभ लक्षण कहा जाएगा। जाहिर है, तो पार्टी की कामयाबी का कोई इंस्टेंट फॉर्मूला नहीं है। लेकिन प्रयासों को सही दिशा मिल जाए, तो फिर फॉर्मूले निकल कर आने लगते हैं।

# अनुसूचित जाति / जनजाति के उद्यमियों के लिए सिडबी की नई ऋण योजना



**जालंधर।** स्माल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ़ इंडिया (सिडबी ) के महाप्रबंधक व चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख बलबीर सिंह ने आज यहां राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला की उपस्थिति में अनुसूचित जाति / जनजाति के उद्यमियों के लिए नई सुगम सावधि ऋण योजना 'साथ' की घोषणा की

योजना की घोषणा के अवसर पर सांपला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए बहुत उदारता से नई-नई योजनाएं ला रही है इसी उद्देश्य से यह ऋण योजना लाई जा रही है प्रधानमंत्री के ध्यान में इन वर्गों के लोगों का कल्याण सर्वोपरि है इसी मंतव्य के तहत सिडबी की ये ऋण योजना लायी जा रही है जिसका लाभ उद्यमी अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए निश्चित रूप से ले सकेंगे

सांपला ने कहा कि सिडबी की इस ऋण योजना 'साथ' का लाभ देश भर के अनुसूचित जाति / जनजाति के उद्यमी उठा सकेंगे वह सिडबी प्रबंधन के आभारी हैं कि उन्होंने विशेष तौर पर होशियारपुर जिले व फगवाड़ा (कपूरथला जिला) के उद्यमियों को ये ऋण उपलब्ध करने का उनका आग्रह मान लिया

बैंक के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर सिवसुब्रमणियन रमण 28 दिसंबर को होशियारपुर में इस योजना के तहत होशियारपुर में एक कार्यक्रम में उक्त वर्गों के पात्र ऋण आवेदकों को ऋण पत्र प्रदान करेंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय सांपला होंगे इस अवसर पर 500 से ज्यादा उद्यमियों के पहुंचने की संभावना है जो इस ऋण योजना का लाभ उठा सकेंगे

बलबीरसिंहने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय लघुउद्योग विकास बैंक (सिडबी) की इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति / जनजाति के उद्यमी नयी इकाई की स्थापना अथवा पहले से स्थापित यूनिट के विस्तार या आधुनिकीकरण के लिए ऋण ले सकेंगे पहले से स्थापित और उत्पादन में संलग्न अथवा सेवाक्षेत्र की इन मझौली व् छोटी इकाइयों की स्थापना, विस्तार अथवा आधुनिकीकरण के लिए या इनकी अन्य पूंजीगत जरूरतें पूरी करने के लिए दिए जाने वाले कर्जे पर ब्याज की दर बहुत सुगम होगी ऋण लेने वाला उद्यमी 25 लाख रुपए से 3 करोड़ रुपए तक कर्जा ले सकेगा जिसे अधिकतम वर्ष की अवधि में चुकाना होगा

'साथ' नामक इस योजना के तहत इन इकाइयों द्वारा भूमि के अधिग्रहण, कार्यालय स्थापना, उपकरण, संयंत्र व् मशीनरी की खरीद के लिए ऋण लिया जा सकेगा इसका उपयोग पुराने ऋण चुकाने में नहीं हो सकेगा पात्रता के आधार पर इन इकाइयों के लिए प्रोत्साहन भी दिए जा सकेंगे

इस योजना के अंतर्गत देश भर में ऋण देने की वयवस्था है अपितु सिडबी के चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के तहत होशियारपुर जिले और फगवाड़ा (जिला कपूरथला) के उद्यमियों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

# गूगल, सैमसंग का हेल्थ कनेक्ट एंड्रॉइड 14 में होगा एकीकृत




**सैन फ्रांसिस्को ।** प्लेटफॉर्म और एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) हेल्थ कनेक्ट सिस्टम जिसे गूगल और सैमसंग द्वारा सह-विकसित किया गया था, कथित तौर पर एंड्रॉइड 14 सिस्टम सॉफ़्टवेयर में एकीकृत होगा। सैममोबाइल की रिपोर्ट के अनुसार, हेल्थ कनेक्ट एक एंड्रॉइड एपीआई और प्लेटफॉर्म है जो एप्लिकेशन और डिवाइस से स्वास्थ्य और फिटनेस डेटा एकत्र करता है, इसे सुरक्षित रूप से संग्रहीत करता है और उपयोगकर्ताओं को उस डेटा को अन्य एप्लिकेशन और डिवाइस के साथ साझा करने की अनुमति देता है।

एंड्रॉइड 14 पर गूगल हेल्थ कनेक्ट को डिफॉल्ट ऐप्लिकेशन बना सकता है।

यदि एप्लिकेशन ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) का एक अभिन्न अंग बन जाता है, तो अधिक से अधिक एप्लिकेशन डेवलपर सेवा को अपने एप्लिकेशन में एकीकृत करेंगे।

हेल्थ कनेक्ट के लिए जितने अधिक एप्लिकेशन में एकीकरण होगा, उपयोगकर्ताओं के लिए अपने स्वास्थ्य और फिटनेस डेटा को एप्लिकेशन में शेयर करना उतना ही आसान हो जाएगा।

इसका मतलब यह भी है कि उपयोगकर्ता स्वास्थ्य और फिटनेस डेटा खोने के तनाव के बिना विभिन्न ब्रांडों की स्मार्टवॉच के बीच आसानी से स्विच कर सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, हेल्थ कनेक्ट एंड्रॉइड स्मार्टफोन और वेयर ओएस स्मार्टवॉच पर एक एप्लिकेशन के रूप में उपलब्ध है।

मई में, गूगल और सैमसंग ने डेवलपर्स को एंड्रॉइड ऐप्स और उनके उपकरणों के बीच उपयोगकर्ताओं के स्वास्थ्य और फिटनेस डेटा को सिंक करने का अवसर देने के लिए हाथ मिलाया था।

# एप्पल ने नए होमकिट आर्किटेक्चर में अपग्रेड करने के विकल्प को अस्थाई रूप से हटाया

**सैन फ्रांसिस्को ।** टेक दिग्गज एप्पल ने अपने डिवाइसों पर नए होमकिट आर्किटेक्चर में अपग्रेड करने के विकल्प को अस्थायी रूप से हटा दिया है। मैकरियूमर्स की रिपोर्ट के अनुसार, आईओएस 16.2 चलाने वाले उपकरणों में अपग्रेड इंस्टॉल होने के बाद कई यूजर्स ने होम ऐप के साथ समस्याओं की सूचना दी थी। एक नए होम ऐप आर्किटेक्चर में अपग्रेड करने की क्षमता आईओएस 16.2 और मैकओएस वेंच्यूरा 13.1 की प्रमुख विशेषताओं में से एक है, जिसमें तकनीकी दिग्गज का दावा है कि अपग्रेड बेहतर प्रदर्शन और विश्वसनीयता प्रदान करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यूजर्स द्वारा रिपोर्ट की गई समस्याओं में होमकिट डिवाइस शामिल हैं जो अपडेटिंग या कॉन्फिगुरिंग स्थिति दिखा रहे हैं, डिवाइस पूरी तरह से गायब हो रहे हैं, अन्य यूजर्स के साथ होम साझा करने के लिए निमंत्रण विफल हो रहे हैं, होमकिट सिक्योर वीडियो रिकॉर्डिंग और बहुत कुछ काम नहीं कर रही है।

# डेल्हीवरी ने पुणे स्थित एल्गोरिथम टेक का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली ।** लॉजिस्टिक सर्विस प्रोवाइडर डेल्हीवरी ने कहा कि यह पुणे स्थित एल्गोरिथम टेक का अधिग्रहण कर रहा है, लेकिन ये नहीं बताया कि कितने में सौदा हुआ है। एल्गोरिथम टेक एंटरप्राइज सप्लाई चेन ऑपरेशंस के लिए प्लानिंग और ऑप्टिमाइजेशन सॉल्यूशंस डिलीवर करता है।

कंपनी ने कहा कि ट्रांजेक्शन 31 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है और अधिग्रहण के बाद एल्गोरिथम टेक डेल्हीवरी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में काम करेगी। डेल्हीवरी के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी संदीप कुमार बैरसिया ने कहा, एल्गोरिदम टेक के सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एससीएम) सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स मूल्य वर्धित सेवाओं के साथ हमारी सप्लाई चेन के समाधानों की पेशकश को बढ़ाएंगे और सेवा वितरण में लागत अनुकूलन को भी बढ़ावा देंगे।

अभय बोरवंकर, अजीत सिंह और संदीप पांडुरकर द्वारा 2003 में स्थापित, एल्गोरिथम अपने मालिकाना ऐसरिदम 3.0 प्लेटफॉर्म के माध्यम से एफएमसीजी, फार्मा, स्टील, ऑटो और टेलीकॉम क्षेत्रों के ग्राहकों को एंड-टू-एंड सप्लाई चेन प्लानिंग और निष्पादन उत्पाद प्रदान करता है।

एल्गोरिथम के सह-संस्थापक अजीत सिंह ने कहा, डेल्हीवेरी ने एक दशक में भारत में सबसे बड़े लॉजिस्टिक प्रोवाइडर के रूप में उभरने के लिए काफी प्रगति की है।

डेल्हीवेरी ने 1. बिलियन से अधिक शिपमेंट को पूरा किया है और 28,000 से अधिक ग्राहकों के साथ काम करता है।

लॉजिस्टिक सर्विस प्रोवाइडर का नेटवर्क अब सरकार के ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म पर लाइव है।

# फोनपे मूल कंपनी फ्लिपकार्ट से पूरी तरह अलग हुआ

Flipkart
PhonePe

**बेंगलुरु ।** ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे के पूर्ण स्वामित्व को अलग करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा, दिसंबर 2020 में फुल ओनरशिप सेपरेशन के बाद, फ्लिपकार्ट और फोनपे अब अलग-अलग संस्थाओं के रूप में स्थापित हो गए हैं।

फोनपे ग्रुप को 2016 में फ्लिपकार्ट ग्रुप द्वारा अधिग्रहित किया गया था।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा, हमें विश्वास है कि फोनपे लाखों भारतीयों को वित्तीय समावेशन प्रदान करने के अपने ²ष्टिकोण को आगे बढ़ाना और हासिल करना जारी रखेगा।

इस ट्रांजेक्शन के हिस्से के रूप में, वॉलमार्ट के नेतृत्व में फ्लिपकार्ट सिंगापुर और फोनपे सिंगापुर के मौजूदा शेयरधारकों ने फोनपे इंडिया में सीधे शेयर खरीदे हैं। कंपनी ने कहा कि यह फोनपे को पूरी तरह से भारतीय कंपनी बनाने की प्रक्रिया को पूरा करता है, यह प्रक्रिया इस साल की शुरुआत में शुरू हुई थी।

वॉलमार्ट दोनों व्यावसायिक ग्रुप्स का बहुसंख्यक शेयरधारक बना रहेगा।

400 मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स के साथ, चार में से एक से अधिक भारतीय अब फोनपे का उपयोग कर रहे हैं।

अपने लॉन्च के बाद से फोनपे ने टियर 2, 3, 4 शहरों और उससे आगे के 35 मिलियन से अधिक ऑफलाइन व्यापारियों को डिजिटाइज किया है।

फोनपे के संस्थापक और सीईओ समीर निगम ने कहा, हम अपने विकास के अगले चरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं क्योंकि हम नए व्यवसायों में निवेश कर रहे हैं- जैसे बीमा, धन प्रबंधन और उधार, जबकि भारत में यूपीआई भुगतान के लिए विकास की अगली लहर को भी सक्षम करते हैं।

# ट्विटर ने की ब्लू फॉर बिजनेस सर्विस की घोषणा

**सैन फ्रांसिस्को ।** ट्विटर ने अपनी नई ब्लू फॉर बिजनेस सेवा की घोषणा की, जो व्यवसायों और उनके सहयोगियों के लिए माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर खुद को वेरिफाई करने और अलग करने का एक नया तरीका है। ट्विटर ने अपने बिजनेस ब्लॉगपोस्ट में कहा, ट्विटर ब्लू फॉर बिजनेस सब्सक्राइबर के रूप में, कोई कंपनी अपने संबद्ध व्यक्तियों, व्यवसायों और ब्रांडों को अपने खाते से लिंक कर सकती है।

जब वे ऐसा करते हैं, तो संबंधित प्रोफाइल को उनके ब्लू या गोल्ड चेकमार्क के बगल में उनकी मूल कंपनी के प्रोफाइल पिक्च र का एक छोटा सा बैज प्राप्त होगा। यह कनेक्शन व्यवसायों को माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर अपने स्वयं के संगठनों के भीतर नेटवर्क बनाने में मदद करेगा।

मूल व्यवसाय द्वारा प्रदान की गई सूची के आधार पर प्रत्येक संबद्ध को वेरिफाइ किया जाएगा और आधिकारिक तौर पर उनके मूल हैंडल से जोड़ा जाएगा।

कंपनी ने कहा, व्यवसायों के लिए अपने संबद्ध व्यक्तियों, व्यवसायों और ब्रांडों को ट्विटर के डीएनए में शामिल करने के लिए यह एक अविश्वसनीय क्षण है। भविष्य में, हम व्यवसायों और उनके सहयोगियों को ट्विटर से अधिक से अधिक मदद करने के लिए योजना बना रहे हैं।

माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म अभी के लिए व्यवसायों के एक चुनिंदा ग्रुप के साथ ब्लू फॉर बिजनेस का संचालन कर रहा है, लेकिन अगले साल यह इसे और अधिक व्यवसायों के लिए रिलीज करेगा।

# अपनी नई फिल्म कुत्ते को लेकर अर्जुन कपूर ने साझा किया अनुभव



अभिनेता अर्जुन कपूर कुत्ते का ट्रेलर साझा करने के लिए उत्साहित हैं, जिसका अनावरण अगले सप्ताह किया जाएगा। अभिनेता का कहना है कि इस तरह की फिल्म किसी भी अभिनेता के लिए सीखने का एक अच्छा जरिया है। कुत्ते एक डार्क कॉमेडी फिल्म है, इसमें कोंकणा सेन शर्मा, कुमुद मिश्रा और राधिका मदान, तब्बू और नसीरुद्दीन शाह जैसे उत्कृष्ट कलाकार हैं।

इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज ने किया है। फिल्म कुत्ते में अर्जुन कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा है, मुझे इंतजार है कि जब कुत्ते का ट्रेलर रिलीज होगा तो लोग इसको लेकर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

पर मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को कुछ नया देखने को मिलेगा। आगे अपनी बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मेरे लिए कुत्ते बहुत खास फिल्म है। मुझे लव रंजन जैसे प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला, आसमान भारद्वाज जैसे उल्लेखनीय नवोदित निर्देशक, विशाल भारद्वाज को निर्माता, लेखक और संगीतकार के रूप में जानने का मौका मिला, गुलजार साब ने गीत लिखे हैं।

इसके साथ मैंने इस फिल्म में बेहतरीन कलाकारों जैसे तब्बू, कोंकणा सेन शर्मा, नसीर सर, कुमुद जी, शार्दुल भारद्वाज और राधिका मदान के साथ काम किया।

# सारा अली खान ने पूरी की 'ऐ वतन मेरे वतन' की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' की शूटिंग पूरी कर ली है। सारा अली खान 'ऐ वतन मेरे वतन' में स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका में नजर आएंगी। सारा ,उषा मेहता के किरदार में नजर आएंगी। 'ऐ वतन मेरे वतन' धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनायी जा रही है। ऐ वतन मेरे वतन को कन्नन अय्यर ने निर्देशित किया है वहीं, फिल्म की कहानी दरब फारूकी ने लिखी है।

सारा अली खान ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें साझा कर दी हैं। सारा अली खान ने तस्वीरें साझा कर बताया कि वह बीते कई दिनों से ऐ वतन मेरे वतन के लिए नाइट शेड्यूल की शूटिंग कर रही थीं, लेकिन रविवार को उन्होंने अपने इस शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है।



# शाम के हल्के नाश्ते के लिए बनाएं टेस्टी चिकन पनीर कटलेट



शाम होते ही अगर आपको हल्की भूख सताने लगती है, तो इस बार घर पर ही बनाएं चिकन पनीर कटलेट। बेहद आसान तरीके से तैयार होने वाली यह डिश आपको घर बैठे रस्टोरेंट के खाने का स्वाद देगी।

**सामग्री :**

250 ग्राम चिकन, चार बारीक कटी प्याज, 200 ग्राम पनीर, तीन कटी हरी मिर्च, दो चम्मच कॉर्न फ्लोर, आधा चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच अदरक का पेस्ट, एक चम्मच लहसुन का पेस्ट, एक चम्मच मिर्च पाउडर, एक चम्मच धनिया पाउडर, आधा चम्मच हल्दी, स्वादानुसार नमक, धनिया पत्ती, दो चम्मच तिल के बीज, जरूरत के अनुसार तेल

**विधि :**

सबसे पहले एक बाउल में पनीर लें और इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक डालकर मिला लें।

एक अन्य बाउल में चिकन लें और इसमें प्याज, मिर्च, नमक, अदरक और लहसुन का पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर डालकर पीस लें।

अब इस पीसे हुए पेस्ट में धनिया पत्ती, कॉर्न फ्लोर, तिल और नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद तैयार किए गए इस मिश्रण को लोई बराबर लेकर हल्का सा फैला और बीच में पनीर रखें।

अब पनीर का टुकड़ा रखने के बाद चिकन के मिश्रण की मदद से इसे अच्छे से कवर कर लें।

अब एक पैन में तेल गर्म करने के लिए रखें और फिर इन कटलेट को डालकर डीप फ्राई कर लें।

हल्का ब्राउन होने तक इन्हें तलें और फिर हरी चटनी या सॉस के साथ गरमागरम सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 290

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

# सू-दोकू- 290

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**मिथुन :** आय होगी, व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी किसी समस्या का हल नहीं है इसलिए न करें। दूर से कोई समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें ताकि बेवजह कहासुनी न हो। थकान व कमजोरी रह सकती है आराम करें।

**कर्क :** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**सिंह :** व्यवसाय ठीक चलेगा। धन लाभ के योग है। पुराना रोग उभर सकता है। दूर से कोई समाचार मिल सकता है। व्यर्थ की भागदौड़ से बचें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता मत आने दें। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे।

**कन्या :** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। जल्दबाजी से बचें खासकर लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धनहानि से बचें व सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**वृश्चिक :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग करने से बचें। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की चिकनी बातों में न आएं।

**धनु :** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे लेकिन हानी नहीं पहुंचा पाएंगे। शारीरिक कष्ट से बचें।

**मकर :** धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कुंभ :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**मीन :** आज आपका समय मिला जुला रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा और धन व्यय भी होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा।